# Chapter 01

# आवर्त सारणी एवं आवर्ती गुणधर्म
## (Periodic Table and Periodic Properties)

**CONTENT**

- आवर्तिता
- आधुनिक आवर्त सारणी का विकास
- आवर्त सारणी का दीर्घरूप
- परमाणु त्रिज्या
- आयनन ऊर्जा
- अभिक्रिया भागफल
- साम्यवस्था को प्रभावित करने वाले बाहरी कारक
- इलेक्ट्रॉन बन्धुता
- विद्युतऋणात्मकता

KHAN GLOBAL STUDIES ★ Most Trusted Learning Platform ★ KHAN SIR

# PERIODIC TABLE OF THE ELEMENTS

Key (example cell): GROUP IUPAC 13, GROUP CAS IIIA, ATOMIC NUMBER 5, RELATIVE ATOMIC MASS (1) 10.81, SYMBOL B, ELEMENT NAME BORON

Legend: Metal, Semimetal, Nonmetal; Alkali metal, Alkaline earth metal, Transition metals, Lanthanide, Actinide; Chalcogens element, Halogens element, Noble gas

STANDARD STATE (25 °C; 101 kPa): Ne - gas; Fe - solid; Hg - liquid; Tc - synthetic

| PERIOD | 1 IA | 2 IIA | 3 IIIB | 4 IVB | 5 VB | 6 VIB | 7 VIIB | 8 VIIIB | 9 VIIIB | 10 VIIIB | 11 IB | 12 IIB | 13 IIIA | 14 IVA | 15 VA | 16 VIA | 17 VIIA | 18 VIIIA |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 H 1.008 HYDROGEN | | | | | | | | | | | | | | | | | 2 He 4.0026 HELIUM |
| 2 | 3 Li 6.94 LITHIUM | 4 Be 9.0122 BERYLLIUM | | | | | | | | | | | 5 B 10.81 BORON | 6 C 12.011 CARBON | 7 N 14.007 NITROGEN | 8 O 15.999 OXYGEN | 9 F 18.998 FLUORINE | 10 Ne 20.180 NEON |
| 3 | 11 Na 22.990 SODIUM | 12 Mg 24.305 MAGNESIUM | | | | | | | | | | | 13 Al 26.982 ALUMINIUM | 14 Si 28.085 SILICON | 15 P 30.974 PHOSPHORUS | 16 S 32.06 SULPHUR | 17 Cl 35.45 CHLORINE | 18 Ar 39.948 ARGON |
| 4 | 19 K 39.098 POTASSIUM | 20 Ca 40.078 CALCIUM | 21 Sc 44.956 SCANDIUM | 22 Ti 47.867 TITANIUM | 23 V 50.942 VANADIUM | 24 Cr 51.996 CHROMIUM | 25 Mn 54.938 MANGANESE | 26 Fe 55.845 IRON | 27 Co 58.933 COBALT | 28 Ni 58.693 NICKEL | 29 Cu 63.546 COPPER | 30 Zn 65.38 ZINC | 31 Ga 69.723 GALLIUM | 32 Ge 72.64 GERMANIUM | 33 As 74.922 ARSENIC | 34 Se 78.971 SELENIUM | 35 Br 79.904 BROMINE | 36 Kr 83.798 KRYPTON |
| 5 | 37 Rb 85.468 RUBIDIUM | 38 Sr 87.62 STRONTIUM | 39 Y 88.906 YTTRIUM | 40 Zr 91.224 ZIRCONIUM | 41 Nb 92.906 NIOBIUM | 42 Mo 95.95 MOLYBDENUM | 43 Tc (98) TECHNETIUM | 44 Ru 101.07 RUTHENIUM | 45 Rh 102.91 RHODIUM | 46 Pd 106.42 PALLADIUM | 47 Ag 107.87 SILVER | 48 Cd 112.41 CADMIUM | 49 In 114.82 INDIUM | 50 Sn 118.71 TIN | 51 Sb 121.76 ANTIMONY | 52 Te 127.60 TELLURIUM | 53 I 126.90 IODINE | 54 Xe 131.29 XENON |
| 6 | 55 Cs 132.91 CAESIUM | 56 Ba 137.33 BARIUM | 57-71 La-Lu Lanthanide | 72 Hf 178.49 HAFNIUM | 73 Ta 180.95 TANTALUM | 74 W 183.84 TUNGSTEN | 75 Re 186.21 RHENIUM | 76 Os 190.23 OSMIUM | 77 Ir 192.22 IRIDIUM | 78 Pt 195.08 PLATINUM | 79 Au 196.97 GOLD | 80 Hg 200.59 MERCURY | 81 Tl 204.38 THALLIUM | 82 Pb 207.2 LEAD | 83 Bi 208.98 BISMUTH | 84 Po (209) POLONIUM | 85 At (210) ASTATINE | 86 Rn (222) RADON |
| 7 | 87 Fr (223) FRANCIUM | 88 Ra (226) RADIUM | 89-103 Ac-Lr Actinide | 104 Rf (267) RUTHERFORDIUM | 105 Db (268) DUBNIUM | 106 Sg (271) SEABORGIUM | 107 Bh (272) BOHRIUM | 108 Hs (277) HASSIUM | 109 Mt (276) MEITNERIUM | 110 Ds (281) DARMSTADTIUM | 111 Rg (280) ROENTGENIUM | 112 Cn (285) COPERNICIUM | 113 Nh (285) NIHONIUM | 114 Fl (287) FLEROVIUM | 115 Mc (289) MOSCOVIUM | 116 Lv (291) LIVERMORIUM | 117 Ts (294) TENNESSINE | 118 Og (294) OGANESSON |

Copyright © 2017 Eni Generalić

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| LANTHANIDE | 57 La 138.91 LANTHANUM | 58 Ce 140.12 CERIUM | 59 Pr 140.91 PRASEODYMIUM | 60 Nd 144.24 NEODYMIUM | 61 Pm (145) PROMETHIUM | 62 Sm 150.36 SAMARIUM | 63 Eu 151.96 EUROPIUM | 64 Gd 157.25 GADOLINIUM | 65 Tb 158.93 TERBIUM | 66 Dy 162.50 DYSPROSIUM | 67 Ho 164.93 HOLMIUM | 68 Er 167.26 ERBIUM | 69 Tm 168.93 THULIUM | 70 Yb 173.05 YTTERBIUM | 71 Lu 174.97 LUTETIUM |
| ACTINIDE | 89 Ac (227) ACTINIUM | 90 Th 232.04 THORIUM | 91 Pa 231.04 PROTACTINIUM | 92 U 238.03 URANIUM | 93 Np (237) NEPTUNIUM | 94 Pu (244) PLUTONIUM | 95 Am (243) AMERICIUM | 96 Cm (247) CURIUM | 97 Bk (247) BERKELIUM | 98 Cf (251) CALIFORNIUM | 99 Es (252) EINSTEINIUM | 100 Fm (257) FERMIUM | 101 Md (258) MENDELEVIUM | 102 No (259) NOBELIUM | 103 Lr (262) LAWRENCIUM |

www.periodni.com

(1) Atomic weights of the elements 2013, Pure Appl. Chem., **88**, 265-291 (2016)

## आवर्तिता (PERIODICITY)




- समइलेक्ट्रॉनिक आयनों का आकार भिन्न होता है।
- p-ब्लॉक तत्व में अक्रीय युग्म प्रभाव के कारण है। उच्च ऑक्सीकरण अवस्था का स्थायित्व घटता है तथा उसकी निम्न ऑक्सीकरण अवस्था का एक वर्ग के सापेक्ष जाने पर स्थायित्व बढ़ता है $Ge^{2+} < Sn^{2+} < Pb^{2+}$
- एक वर्ग में हाइड्राइड की अपचायक प्रकृति बढ़ती है तथा एक आवर्त में घटती है।

**याद रखने योग्य तथ्य:**

**1. 7 आवर्त:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम आवर्त | : | 2 तत्व | : | लघुत्तम आवर्त |
| द्वितीय एवं तृतीय आवर्त | : | 8 तत्व | : | लघु आवर्त |
| चतुर्थ एवं पाँचवा आवर्त | : | 18 तत्व | : | दीर्घ आवर्त |
| छठवां आवर्त | : | 32 तत्व | : | दीर्घत्तम आवर्त |
| सातवां आवर्त | : | अपूर्ण आवर्त | | |

**2. 18 वर्ग:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्षार धातुऐं | : | IA / प्रथम वर्ग | S-ब्लॉक |
| क्षारीय मृदा धातुऐं | : | IIA / द्वितीय वर्ग | S-ब्लॉक |
| सिक्का धातुऐं | : | IB /11 वां वर्ग | |
| निकोजन्स | : | VA /15 वां वर्ग | |
| केल्कोजन्स | : | VIA /16 वां वर्ग | |
| हेलोजन्स | : | VIIA /17 वां वर्ग | |
| आदर्श गैसे या अक्रिय गैसे या शून्य वर्ग | : | 18 वां वर्ग | |

KHAN SIR Most Trusted Learning Platform

**3.** **विन्यास:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| s–ब्लॉक | : | $ns^{1-2}$ | } प्रतिनिधि तत्व |
| p–ब्लॉक | : | $ns^2np^{1-6}$ | |
| d-ब्लॉक | : | $(n-1)d^{1-10}\ ns^{0\ or\ 1-2}$ | } संक्रमण तत्व |
| f–ब्लॉक | : | $(n-2)f^{0-14}\ (n-1)d^{0,\ 1\ or\ 2}\ ns^2$ | } अंतः संक्रमण तत्व |

**4.** कमरे के ताप पर अधात्विक द्रव = ब्रोमीन

**5.** कमरे के ताप पर धात्विक द्रव = पारा / मर्करी

**6.** न्यूनतम गलनांक बिन्दु युक्त धातुऐं
Ga = 29.8$^0$C
Cs = 28.5$^0$C
Fr = 27.0 $^0$C

**7.** टंगस्टन है
(a) सर्वाधिक तन्य / लचीली धातु (b) अधिकतम क्वथनांक धातु (c) अधिकतम गलनांक धातु

**8.** ऑक्सीजन सर्वाधिक सर्वव्यापी तत्व है तथा Al सर्वाधिक सर्वव्यापी धातु है।

**9.** कार्बन उच्चतम क्वथनांक अधातु है। (4827°C)

**10.** ऑस्मियम तथा इरिडियम सर्वाधिक घनत्व वाले ठोस तत्व है तथा लीथियम सबसे हल्की धातु है : घनत्व = 0.54gm/cc

**11.** रजत(चांदी) विद्युत का सर्वश्रेष्ठ चालक है। तांबा विद्युत का द्वितीय सर्वश्रेष्ठ चालक है।

**12.** हीरा ज्ञात कठोरतम पदार्थ है।

**13.** ऑस्मियम तथा रूथेनियम अधिकतम ऑक्सीकरण अवस्था +8 दर्शाते है।

**14.** टिन में अधिकतम समस्थानिकों की संख्या : 10 समस्थानिक

**15.** फ्लोरिन सर्वाधिक विद्युतऋणात्मक तत्व है तथा सीजियम सर्वाधिक विद्युत धनात्मक तत्व है।

**16.** अक्रिय युग्म प्रभाव 13th, 14th तथा 15th वर्ग के तत्वों के द्वारा दर्शाया जाता हैं। जो चतुर्थ आवर्त तथा इसके नीचे है।

**17.**
Li → Mg, Be → Al, B → Si

| | | | |
|---|---|---|---|
| Li | Be | B | C |
| Na | Mg | Al | Si |

के बीच विकर्ण संबंध पाया जाता है।

**18.** द्वितीय तथा तृतीय आवर्त के तत्व प्रारूपी तत्वों के रूप में जाने जाते है।

**19.** तृतीय आवर्त के प्रारूपी तत्व सेतु तत्वों के रूप में जाने जाते है।

**दिये हुये तत्व के ब्लॉक, वर्ग तथा आवर्त का अनुमान :**

आवर्त, वर्ग तथा एक तत्व के ब्लॉक का इसके इलेक्ट्रॉनिक विन्यास से आसानी से अनुमान लगाया जा सकता हैं। जो इस प्रकार है :

i. एक तत्व का आवर्त संयोजकता कोश की मुख्य क्वांटम संख्या के संगत होता है।

ii. एक तत्व का ब्लॉक उस कक्षक के प्रकार के संगत होता है जो अन्तिम इलेक्ट्रॉन ग्रहण करते है।

iii. एक तत्व के वर्ग की संयोजकता कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या से या उपांत्य कोश (अर्थात n–1) से निम्न प्रकार अनुमान किया जा सकता है :

(a) s-ब्लॉक तत्वों के लिए, वर्ग संख्या, संयोजकता इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बराबर है।

(b) p-ब्लॉक तत्वों के लिए, वर्ग संख्या, 10 + संयोजकता कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बराबर है।

(c) d-ब्लॉक तत्वों के लिए, वर्ग संख्या, (n–1) d-उपकोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या + संयोजकता कोश ($n^{th}$ कोश) में इलेक्ट्रॉनों की सख्या के बराबर है।

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

## आधुनिक आवर्त सारणी का विकास (DEVELOPMENT OF MODERN PERIODIC TABLE):

**(a) डोबेराइनर त्रिक (Dobereiner's Triads):**

इसने तीन तत्वों के समूह में एक समान तत्वों को व्यवस्थित किया, जिसे त्रिक कहा गया है। जिसमें केन्द्रीय तत्व का परमाण्विक द्रव्यमान अन्य दो तत्वों के परमाण्विक द्रव्यमानों का लगभग औसत था।

| Cl | Br | I | | |
|---|---|---|---|---|
| 35.5 | 80.0 | 127 | $\frac{35.5 + 127}{2} = 81.2$ | At. wt of Br |

| Ca | Sr | Ba | | |
|---|---|---|---|---|
| 40 | 87.5 | 137 | $\frac{40 + 137}{2} = 88.5$ | At. wt of Sr |

| Li | Na | K | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | 23 | 39 | $\frac{7 + 39}{2} = 23$ | At. wt of Na |

यह कुछ तत्वों के लिए प्रतिबंधित था। इसलिए अमान्य कर दिया गया।

**Ex.** (H, F,Cl) (Ca, Sr, Ba)
(P, As, Sb) (S, Se, Te)
(K, Rb, Cs)

**(b) न्यूलैण्ड का अष्टक नियम (Newland's Law of Octave):**

इसने सर्वप्रथम परमाण्विक द्रव्यमानों के साथ तत्वों के रासायनिक गुणों में संबंध बताया। इसके अनुसार यदि तत्व उनके बढ़ते परमाण्विक द्रव्यमानों के क्रम में व्यवस्थित किये जाते है तो आठवां तत्व, प्रथम तत्व से गुणों में समानता दर्शाता है।
तत्वों की यह व्यवस्था न्यूलैण्ड के अष्टक नियम के रूप में जानी जाती है।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Li | Be | B | C | N | O | F |
| Na | Mg | Al | Si | P | S | Cl |
| K | Ca | | | | | |

यह वर्गीकरण भार में हल्के तत्वों के लिए बिल्कुल अच्छा था परन्तु भारी तत्वों की स्थिति में विफल रहा इसलिए इसे भी अमान्य कर दिया गया।

**दोष या सीमा (Drawback or Limitation) :**

(a) यह नियम केवल Ca तक वैध है। क्योंकि Ca के बाद d–ब्लॉक तत्व की उपस्थिति के कारण 8 तत्वों के बजाय 18 तत्वों का अंतर होता है।
(b) अक्रिय गैस की खोज के बाद और आवर्त सारणी में शामिल होने के बाद यह क्षार धातु से 8 वां तत्व बन जाता है इसलिए इस नियम को छोड़ना पड़ा।
(c) भारी धातुओं की स्थिति में वह असफल रहा क्योंकि Fe को O और S परमाणु के साथ रखा गया है।
(d) न्यूलैंड ने असमान गुणों के बावजूद तत्वों को तालिका में फिट करने के लिए Co और Ni को F, Cl, Br के समान स्थान पर रखा।

**(c) लोथर मेयर वर्गीकरण (Lothar Meyer's Classification):**

इसने ठोस अवस्था में परमाण्विक आयतनों को इनके घनत्व व परमाण्विक द्रव्यमान की सहायता से निर्धारित किया तथा इसने विभिन्न तत्वों के लिए परमाण्विक द्रव्यमानों तथा उनके संबंधित परमाण्विक आयतनों के बीच एक वक्र आलेखित किया। जिसमें निम्न अवलोकन प्राप्त किये।



**लोथर मेयर वक्र (Lothar Meyer's Curve)**

(i) समान गुणयुक्त तत्व वक्र पर समान स्थिति ग्रहण करते है।
(ii) अधिक परमाण्विक आयतनों युक्त क्षार धातुऐं शीर्ष पर स्थान ग्रहण करती है।
(iii) संक्रमण तत्व गर्तो में स्थान ग्रहण करते है।
(iv) हैलोजन अक्रिय गैसों से पहले वक्र पर आरोही भाग पर स्थान ग्रहण करती है।
(v) क्षारीय मृदा धातुऐं वक्र पर अवरोही भाग के मध्य बिन्दुओं पर स्थिति ग्रहण करती है।
इन अवलोकनों के आधार पर उसने निष्कर्ष निकाला की तत्वों के परमाण्विक आयतन (एक भौतिक गुण) उनके परमाण्विक द्रव्यमानों के एक आवर्ति फलन है। यह इसकी व्यवहारिक उपयोगिता के कारण अमान्य कर दिया गया।

**(d) मेण्डेलीव आवर्त सारणी (Mendeleev's Periodic Table):**

**मेण्डेलीव का आवर्त नियम (Mendeleev's Periodic's Law)**

इसके अनुसार तत्वों के भौतिक तथा रासायनिक गुण उनके परमाणु द्रव्यमानों के आवर्ती फलन होते हैं। इसने ज्ञात तत्वों को उनके बढ़तें परमाणु द्रव्यमानों के क्रम में व्यवस्थित किया। इन कारको को ध्यान में रखते हुये समान गुणों वाले तत्वों को समान लम्बवत स्तम्भों में रखा तथा जहाँ आवश्यकता थी उनके लिए खाली स्थान छोड़ दिये गये।
सारणी को 9 लम्बवत स्तम्भों (वर्ग) तथा 7 क्षैतिज पंक्तियों (आवर्त) में विभाजित किया गया है।

| आवर्त | तत्वों की संख्या | कहलाता है |
|---|---|---|
| $1^{st}$ n = 1 | 2 | लघुत्तम आवर्त |
| $2^{nd}$ n = 2 | 8 | लघु आवर्त |
| $3^{rd}$ n = 3 | 8 | लघु आवर्त |
| $4^{th}$ n = 4 | 18 | दीर्घ आवर्त |
| $5^{th}$ n = 5 | 18 | दीर्घ आवर्त |
| $6^{th}$ n = 6 | 32 | दीर्घत्तम आवर्त |
| $7^{th}$ n = 7 | 19 | अपूर्ण आवर्त |

वर्ग I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII तथा शून्य वर्ग, क्रमांकित किये गये थे।
$7^{th}$ तक के प्रत्येक समूह को A और B उपसमूहों में विभाजित किया गया। 'A' उपसमूह के तत्वों को सामान्य तत्व कहा जाता है और 'B' उपसमूह के तत्वों को संक्रमण तत्व कहा जाता है।
$8^{th}$ समूह में तीन पंक्तियों में 9 तत्व शामिल थे।

**मेण्डेलीव की आवर्त सारणी के गुण (Merits of Mendeleev's Periodic table):**

(i) इसने तत्वों और उनके यौगिकों के अध्ययन को सरल और व्यवस्थित कर दिया है।
(ii) इसकी आवर्त सारणी में दिए गए रिक्त स्थानों के आधार पर नए तत्वों की खोज की भविष्यवाणी करने में मदद मिली है। मेंडेलीव ने एल्युमीनियम और सिलिकॉन के नीचे रिक्त स्थान छोड़ा और इन तत्वों को **Eka-Aluminium** और **Eka-Silicon** कहा।
(iii) तत्वों के परमाणु भार को सही किया गया। Be के परमाणु भार की गणना इसकी संयोजकता 3 मान कर 3 × 4.5 = 13.5 की गई थी, इसकी संयोजकता 2 (2 × 4.5 = 9) मानकर सही गणना की गयी।
संदेह पूर्ण परमाणु भार के अन्य सुधार जैसे U, Be, In, Pt, Au.

**मेण्डेलीव की आवर्त सारणी के दोष (Demerits in Mendeleev's Periodic Table):**

(i) हाइड्रोजन की स्थिति निर्धारित नहीं हैं, इसको IA ($1^{st}$) तथा VIIA ($17^{th}$) वर्गो में रखा गया है क्योकि इसकी समानता दोनों वर्गो के साथ होती है।
(ii) समस्थानिकों के लिए कोई अलग से स्थान नहीं दिया गया था।
(iii) यह स्पष्ट नहीं था कि लैन्थेनॉइड तथा एक्टीनॉइड IIA ($2^{nd}$) या IIIB ($3^{rd}$) वर्ग से संबंधित है।
(iv) कुछ परमाणु भारों के बढ़ते क्रम का आवर्त सारणी में तत्वों की व्यवस्था में सही रूप से अनुसरण नहीं होता है। उदाहरण के लिए Ar (परमाणु भार 39.94) को K(39.08) से पहले रखा गया है तथा Te (127.6) को I (126.9) से पहले स्थान दिया गया है।
(v) कुछ समानतायुक्त तत्व भिन्न वर्गो में (Cu IB तथा Hg IIB) रखे गये तथा भिन्न गुणो युक्त तत्वों को समान वर्गो में [क्षार धातुऐं IA ($1^{st}$) तथा सिक्का धातुऐं IB($11^{th}$)] रखा गया हैं।
(vi) यह आवर्तिता के कारणों की व्याख्या नहीं करता है।

## आवर्त सारणी का दीर्घरूप (LONG FORM OF PERIODIC TABLE):

### आधुनिक आवर्त नियम (मोजले का आवर्त नियम) (MODERN PERIODIC LAW (MOSELEY'S PERIODIC LAW))

तत्वों के भौतिक तथा रासायनिक गुण उनके परमाणु क्रंमाक के आवर्ती फलन होते है। यदि तत्वों को उनके परमाणु क्रंमाक के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया जाये तो एक नियमित अन्तराल के पश्चात समान गुणों वाले तत्वों की पुनरावृत्ति होती है।

**आवर्तिता का कारण :**

(I) तत्वों के गुणों का आवर्ती पुनरावर्तन एक निश्चित, नियमित अन्तराल के पश्चात संयोजकता कोश के समान इलेक्ट्रॉनिक विन्यास की पुनरावृति के कारण होता है। उदाहरण के लिए क्षार धातुऐं समान इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $ns^1$ के कारण समान गुणधर्म प्रदर्शित करती है।

(II) आवर्त सारणी के दीर्घरूप में रैंग, वर्नर, बोहर का योगदान है।

(III) यह सारणी बोर की सारणी का उल्लेख/प्राथमिकता देती है। इलेक्ट्रॉनिक विन्यास के आधार पर यह तत्वो को चार प्रकारो में व्यवस्थित करने की बोर पद्धति का अनुसरण करती हैं।

(IV) आवर्त सारणी को 18 वर्गो तथा 7 आवर्तो में विभाजित किया गया है।

(a) प्रत्येक आवर्त में समान संयोजकता कोश युक्त तत्वों की एक श्रृंखला होती है।

(b) प्रत्येक आवर्त इसमें उपस्थित संयोजकता कोश के विशेष मुख्य क्वांटम संख्या के संगत होता है।

(c) प्रत्येक आवर्त $ns^1$ बाह्यतम इलेक्ट्रॉनिक विन्यास युक्त एक क्षार धातु से शुरू होता है।

(d) प्रत्येक आवर्त का अन्त (हीलीयम को छोड़कर जिसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^2$ है।) बाह्यतम इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $ns^2np^6$ के साथ एक अक्रिय गैस के साथ होता है।

(e) एक आवर्त में तत्वों की संख्या, आवर्त के प्रथम तत्व (क्षार धातु) के बाह्यतम कोश में $ns^2np^6$ विन्यास प्राप्त करने के लिए आवश्यक इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बराबर है।

(f) प्रत्येक आवर्त नये ऊर्जा स्तर के भरने से शुरू होता है।

### वर्गो का विवरण (DESCRIPTION OF GROUPS):

**$1^{st}$/IA/क्षारीय धातु:**

H = $1s^1$
Li = $1s^2, 2s^1$
Na = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^1$
K = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^1$
Rb= $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2,3d^{10},4p^6,5s^1$
Cs= $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2,3d^{10},4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^1$
Fr=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2,3d^{10},4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^6,7s^1$
सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास = $\mathbf{ns^1}$ (n कोश की संख्या)
संयोजकता कोश में $e^-$ की संख्या = 1

**$2^{nd}$/IIA/क्षारीय मृदा धातु :**

Be = $1s^2, 2s^2$
Mg = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2$
Ca = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2$
Sr= $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2,3d^{10},4p^6,5s^2$
Ba= $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2,3d^{10},4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2$
Ra= $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2,3d^{10},4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^6,7s^2$
सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास = $\mathbf{ns^2}$
संयोजकता कोश में $e^-$ की संख्या = 2

**$13^{th}$/IIIA/बोरॉन परिवार :**

B = $1s^2, 2s^2, 2p^1$
Al = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^1$
Ga = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^1$
In=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^1$
Tl=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^1$
Nh=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^6,7s^2,5f^{14},6d^{10},7p^1$
सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास = $\mathbf{ns^2\ np^1}$
संयोजकता कोश में $e^-$ की संख्या = 3

**$14^{th}$/IVA/कार्बन परिवार :**

C = $1s^2, 2s^2, 2p^2$

Si = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^2$

Ge = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^2$

Sn= $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^2$

Pb=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^2$

Fl=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^6,7s^2,5f^{14},6d^{10},7p^2$

सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास = **$ns^2\ np^2$**

संयोजकता कोश में $e^-$ की संख्या = 4

**$15^{th}$/VA/नाइट्रोजन परिवार/निकोजन्स :**

N = $1s^2, 2s^2, 2p^3$

P = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^3$

As = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^3$

Sb= $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^3$

Bi=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^3$

Mc=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^6,7s^2,5f^{14},6d^{10},7p^3$

सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास = **$ns^2\ np^3$**

संयोजकता कोश में $e^-$ की संख्या = 5

**$16^{th}$/VIA/ऑक्सीजन परिवार/चेल्कोजन्स (अयस्क बनाने वाला) :**

O = $1s^2, 2s^2, 2p^4$

S = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^4$

Se = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^4$

Te= $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^4$

Po=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^4$

Lv=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^6,7s^2,5f^{14},6d^{10},7p^4$

सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास = **$ns^2\ np^4$**

संयोजकता कोश में $e^-$ की संख्या = 6

**$17^{th}$/VIIA/हलौजन परिवार/हैलोजन (लवण बनाने वाले) :**

F = $1s^2, 2s^2, 2p^5$

Cl = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^5$

Br = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^5$

I= $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^5$

At=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^5$

Ts=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^6,7s^2,5f^{14},6d^{10},7p^5$

सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास = **$ns^2\ np^5$**

संयोजकता कोश में $e^-$ की संख्या = 7

**$18^{th}$/शून्य वर्ग/अक्रिय गैसे/आदर्श गैसे :**

Ne = $1s^2, 2s^2, 2p^6$

Ar = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6$

Kr = $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6$

Xe= $1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6$

Rn=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^6$

Og=$1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^6, 4s^2, 3d^{10}, 4p^6,5s^2,4d^{10},5p^6,6s^2,4f^{14},5d^{10},6p^6,7s^2,5f^{14},6d^{10},7p^6$

सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास = **$ns^2\ np^6$** (He के अतिरिक्त)

संयोजकता कोश में $e^-$ की संख्या = 8

**(v) महत्वपूर्ण बिन्दु :**

(a) द्वितीय आवर्त तत्व (Li, Be, B) तीसरे आवर्त तत्वों (Mg, Al, Si), के साथ विकर्ण संबंध दर्शाते है, इसलिए (Li, Be, B) सेतु तत्व कहलाते हैं। समान आयनिक विभव (आयनिक विभव = आवेश/त्रिज्या) मान के कारण वे गुणों में समानता दर्शाते हैं।

Li → Mg, Be → Al, B → Si

| Li | Be | B | |
|---|---|---|---|
| Na | Mg | Al | Si |

(b) तीसरे आवर्त के तत्व (Na, Mg, Al, Si, P, S, Cl) विशिष्ट तत्व कहलाते हैं क्योंकि वे अपने संबंधित वर्ग के अन्य तत्वों के गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं।
(c) छठे आवर्त में सभी प्रकार के तत्वों का समावेश होता है(s, p, d & f)
(d) सातवें आवर्त में कोई अक्रिय गैस नहीं।
(e) सभी आवर्तों में स्थित सामान्य तत्व।
(f) अंतिम अक्रिय गैस तत्व की परमाणु संख्या 86 है
(g) आधुनिक आवर्त सारणी के दीर्घ रूप को चार भागों में बाँटा जा सकता है।
    1. बांया भाग – IA और IIA – s-ब्लॉक
    2. दायां भाग – IIIA से VIIA + O वर्ग – p-ब्लॉक
    3. मध्य भाग – IIIB से VIIB + VIII + IB IIB – d-ब्लॉक
    4. निचला भाग – IIIB – f-ब्लॉक तत्व
(h) सर्वाधिक विद्युत धनात्मक तत्वों वाला वर्ग – IA वर्ग
(i) सर्वाधिक विद्युत ऋणात्मक तत्वों वाला वर्ग – VIIA वर्ग
(j) जिस वर्ग में गैसीय तत्वों की अधिकतम संख्या होती है – शून्य ($18^{th}$) वर्ग
(k) वह वर्ग जिसमें तत्वों की संयोजकता सामान्यत: शून्य होती है – ($18^{th}$) GROUP ZERO
(l) आवर्त सारणी में –
    गैसीय तत्वों की संख्या - 11 (H, N, O, F, Cl + आदर्श गैस)
    द्रव तत्वों की संख्या - 6 (Cs, Fr, Ga, Hg, Br, Uub)
    ब्रोमीन एकमात्र अधातु है जो द्रव रूप में उपस्थित है।
    शेष सभी तत्व ठोस हैं।
(m) प्रथम आवर्त में सभी तत्व गैसीय अवस्था में हैं (H, He)
(n) 0/18 वर्ग में सभी तत्व गैसीय अवस्था में हैं।
(o) दूसरे आवर्त में गैसीय तत्वों की अधिकतम संख्या 4 होती है, वे N, O, F, Ne है।
(p) IIIB/3rd वर्ग को सबसे लंबा वर्ग कहा जाता है जिसमें 32 तत्वों सहित 14 लैंथेनॉइड और 14 एक्टिनॉइड
    Ce .............. Lu लैंथेनॉइड (14)
    Th .............. Lr एक्टिनॉइड (14)

**तत्वों का नामकरण (Nomenclature of elements):**

(a) IUPAC ने परमाणु क्रमांक 100 से ऊपर के तत्वों को इस प्रकार नाम दिया –

| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| nil | un | bi | tri | quad | pent | hex | sept | oct | enn |

(b) सभी तत्वों में प्रत्यय -ium है

e.g.

| परमाणु क्रमांक | IUPAC नाम | प्रतीक |
|---|---|---|
| 101 | Un nil Unium | Unu |
| 102 | Un nil bium | Unb |
| 103 | Un nil trium | Unt |
| 104 | Un nil quadium | Unq |
| 105 | Un nil pentium | Unp |
| 106 | Un nil hexium | Unh |
| 107 | Un nil septium | Uns |
| 108 | Un nil octium | Uno |
| 109 | Un nil ennium | Une |

| | | |
|---|---|---|
| 110 | Un un nilium | Uun |

**आवर्त सारणी के दीर्घ रूप के गुण (Merits of long form of periodic table)–**

(a) समस्थानिकों की स्थिति – समस्थानिकों की परमाणु संख्या समान होती है, इसलिए आवर्त सारणी में विभिन्न समस्थानिकों को एक ही स्थान पर रखा जा सकता है।

(b) (Ar - K) (Co - Ni) (Te - I) अब परमाणु क्रमांक के बढ़ते क्रम में हैं।

(c) लैंथेनॉयड और एक्टिनॉयड IIIB वर्ग में हैं।

(d) आधुनिक आवर्त सारणी में विकर्ण रेखा धातुओं, उपधातुओं और अधातुओं को अलग करती है।

(e) एक ही वर्ग के तत्वों के सबसे बाहरी कोश के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास का सामान्य सूत्र समान होता है।

**आवर्त सारणी के दीर्घ रूप के दोष (Demerits of long form of periodic table)–**

(a) हाइड्रोजन की स्थिति अब भी विवादास्पद है।

(b) 'He' एक अक्रिय गैस है लेकिन अन्य अक्रिय गैस तत्वों की तुलना में इसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास अलग है।

(c) लैंथेनॉइड्स और एक्टिनाइड्स अभी भी मुख्य सारणी में नहीं रखे गए हैं।

(d) समस्थानिकों के भौतिक गुण भिन्न–भिन्न होते हैं लेकिन आवर्त सारणी में उनका स्थान समान होता है।

## तत्वों का वर्गीकरण (CLASSIFICATION OF ELEMENTS) :

**बोर वर्गीकरण** – इलेक्ट्रॉनिक विन्यास के आधार पर तत्वों को चार भागों में विभाजित किया जा सकता है।

**(i) अक्रिय गैस तत्व –**

(a) वे तत्व जिनमें अंतिम कक्षा पूर्ण रुप से भर जाती है, अक्रिय गैस तत्व कहलाते हैं।

(b) सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $ns^2p^6$ है (He को छोड़कर = $1s^2$)

(c) सबसे स्थायी विन्यास के कारण, वे बहुत कम अभिक्रियाशील होते हैं। इसलिए आदर्श गैस या अक्रिय गैस के रूप में जाना जाता है।

(d) ये तत्व '0' वर्ग या 18 वें वर्ग और आवर्त सारणी के 1 से 6 वें आवर्त में स्थित हैं।

(e) अक्रिय गैस तत्वों की संख्या 6 (प्रत्येक आवर्त में एक) He, Ne, Ar, Kr, Xe, Rn

**(ii) सामान्य या प्रतिनिधि तत्व –**

(a) वे तत्व जिनमें अंतिम कक्षा (अल्टीमेट कोश) अपूर्ण होती है, जबकि उपान्त कोश (पेनल्टी कोश) कक्षाएँ पूरी होती हैं, सामान्य तत्व कहलाते हैं।

(b) उनका सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है :

| IA | IIA | IIIA | IVA | VA | VIA | VIIA |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $ns^1$ | $ns^2$ | $ns^2np^1$ | $ns^2np^2$ | $ns^2np^3$ | $ns^2np^4$ | $ns^2np^5$ |

$ns^{1-2}$ (IA, IIA) $ns^2np^{1-5}$ (IIIA – VIIA)

(c) ये तत्व वर्ग में IA से VIIA तक है और आवर्त में $1^{st}$ से $7^{th}$ तक हैं

(d) द्वितीय आवर्त के तत्वों को ब्रिज तत्व कहते हैं।

(e) तीसरे आवर्त के तत्व (Na, Mg, Al, Si, P, S तथा Cl) विशिष्ट तत्व कहलाते हैं। ये संख्या में 7 हैं।

**SPOT LIGHT**

➢ किसी परमाणु के सबसे बाहरी आवरण को अल्टीमेट कोश कहा जाता है।

➢ अंतिम कोश के ठीक पहले जो कोश है वह पेनल्टीमेट कोश कहा जाता है।




**(iii) संक्रमण तत्व –**

वे तत्व जिनमें अंतिम (n) और साथ ही उपान्त्य कोश (n – 1) दोनों परमाणु अवस्था में या किसी ऑक्सीकरण अवस्था में अपूर्ण हैं, संक्रमण तत्व कहलाते हैं।

**Note:**

इस अवधारणा के अनुसार, Zn, Cd, Hg और Uub संक्रमण तत्व नहीं हैं क्योंकि उनके पास या तो परमाण्विक अवस्था में या किसी ऑक्सीकरण अवस्था में अपूर्ण उपान्तय कोश नहीं है।

$Zn = [Ar]\ 3d^{10}\ 4s^2$

$Zn^{+2} = [Ar]\ 3d^{10}$

(a) वर्ग – IIIB से VIIB + VIII + IB + IIB

आवर्त – $4^{th}$ से $7^{th}$

(b) इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $(n-1)d^{1-10}\ ns^{1\ or\ 2}$

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

(c) d-ब्लॉक तत्वों की कुल संख्या = 40
संक्रमण तत्वों की कुल संख्या = 36 (Zn, Cd, Hg और Uub के अतिरिक्त)

**Note:** सभी संक्रमण तत्व d-ब्लॉक तत्व हैं लेकिन सभी d–ब्लॉक तत्व संक्रमण तत्व नहीं हैं।

**(iv) आंतरिक संक्रमण तत्व –**

(a) वे तत्व जिनमें सभी तीन कोश अल्टीमेट (अंतिम) (n) पेनल्टीमेट(उपान्त्य) (n – 1) और पूर्व या एन्टीपेनल्टीमेट (n – 2) कोश अपूर्ण हैं, आंतरिक संक्रमण तत्व कहलाते हैं।
$_{58}Ce = [Xe]\ 6s^2, 5d^1, 4f^1$

(b) इलेक्ट्रॉनिक विन्यास
$(n-2)f^{0,1-14}\ (n-1)d^{0\ or\ 1}\ ns^2$

(c) ये संख्या में 28 है।

(d) वर्ग – IIIB

(e) आवर्त – 6th और 7th

(f) आंतरिक संक्रमण तत्वों को दो श्रृंखलाओं में विभाजित किया गया है।

**लैंथेनॉयड श्रृंखला / दुर्लभ मृदा तत्व / लैंथेनोन ($Ce_{58} - Lu_{71}$ 14 तत्व)**

इस श्रृंखला का पहला तत्व सीरियम है न कि लैंथेनम।
इन तत्वों में अंतिम इलेक्ट्रॉन 4f उपकोश में प्रवेश करता है।
वे सारणी में IIIB वर्ग और 6वें आवर्त में स्थित है।
प्रोमेथियम ($_{61}Pm$) एकमात्र लैंथेनॉयड है जो प्रकृति में कृत्रिम और रेडियोधर्मी है।

**एक्टिनॉयड श्रृंखला / मानव निर्मित तत्व / एक्टिनोन्स ($Th_{90} - Lw_{103}$ 14 तत्व)**

इस श्रेणी का पहला तत्व थोरियम है न कि एक्टिनियम।
इन तत्वों में अंतिम इलेक्ट्रॉन 5f उपकोश में प्रवेश करता है।
ये IIIB वर्ग और 7th आवर्त में उपस्थित है।
सभी एक्टिनॉयड प्रकृति में रेडियोधर्मी हैं।
पहले तीन तत्व (Th, Pa, U) प्रकृति में पाए जाते हैं जबकि अन्य मानव निर्मित होते हैं।
$U_{92}$ से बाद वाले तत्व अर्थात् $_{93}Np$ से आगे के तत्वों को ट्रांसयूरेनिक तत्व कहा जाता है क्योंकि :
ये यूरेनियम से भारी हैं।
ये परमाणु अभिक्रियाओं द्वारा यूरेनियम से प्राप्त होते हैं।

**उप–कोश के आधार पर वर्गीकरण जिसमें अंतिम $e^-$ प्रवेश करता है**

**(i) s-ब्लॉक तत्व –**

(a) इन तत्वों में अंतिम इलेक्ट्रॉन s–उपकोश में प्रवेश करता है।

(b) वर्ग – IA, IIA

(c) आवर्त – 1 से 7th

(d) इलेक्ट्रॉनिक विन्यास – $ns^{1-2}$
IA वर्ग n = 1 से 7
IIA वर्ग n = 2 से 7

(e) कुल (13) s-ब्लॉक तत्व है

(f) कुल (12) s-ब्लॉक तत्व धातुएँ है (H को छोड़कर), H अधातु है।

**s-ब्लॉक तत्वों की सामान्य विशेषताएं :**

(a) s-ब्लॉक तत्व नरम धातु हैं, इसलिए इन तत्वों का गलनांक और क्वथनांक कम होता है।

(b) इनके ऑक्साइड और हाइड्रॉक्साइड क्षारीय प्रकृति के होते हैं।

(c) ये अपचायक के रूप में कार्य करते हैं।

(d) इनके पास बहुत कम आयनन ऊर्जा और अत्यधिक विद्युत धनात्मक है, इसलिए ये आयनिक यौगिक बनाते हैं।

(e) इन तत्वों की ज्वाला में भिन्न–भिन्न रंग दशाने का गुण होता है।

**(ii) p-ब्लॉक तत्व –**

(a) अंतिम $e^-$ p-उपकोश में प्रवेश करता है

(b) वर्ग – IIIA (13) से VIIA(17) + 0 वर्ग (18) (He के अतिरिक्त)

(c) आवर्त – 2nd से 6th

(d) इलेक्ट्रॉनिक विन्यास – $ns^2\ np^{1-6}$

(e) कुल p-ब्लॉक तत्व – (30) (मानव निर्मित तत्वों को छोड़कर)

**p-ब्लॉक तत्वों की विशेषता :**

(a) p-ब्लॉक में तीनों प्रकार के तत्व अर्थात धातु, अधातु और उपधातु होते हैं।
(b) अधातुओं के ऑक्साइड अम्लीय प्रकृति के होते हैं।
(c) ये अधिकतर सहसंयोजक यौगिक बनाते हैं।
(d) ये प्रकृति में ऑक्सीकारक होते हैं।

**(iii) d-ब्लॉक तत्व :**

(a) अंतिम $e^-$, (n – 1)d उपकोश में प्रवेश करता है।
(b) वर्ग – IIIB – VIIB, VIII, IB, IIB से वर्ग 3 से 12 (IUPAC)
(c) आवर्त – $4^{th}$ से $7^{th}$
(d) इलेक्ट्रॉनिक विन्यास – $(n-1)d^{1-10}\ ns^{0,1\ or\ 2}$
(e) कुल d-ब्लॉक तत्वों की संख्या – (40)
कुल संक्रमण तत्व – (36) है। यदि 112 तत्वों को आवर्त सारणी में शामिल किया गया है।
(f) IIB तत्व (Zn, Cd, Hg, Uub), d-ब्लॉक तत्व हैं लेकिन संक्रमण तत्व नहीं हैं।

**d-ब्लॉक तत्वों की सामान्य विशेषताएँ :**

(a) ये सभी धातुएं हैं, जो उच्च गलनांक और क्वथनांक वाली और कठोर हैं।
(b) इस ब्लॉक के तत्व 's' और p-ब्लॉक तत्वों के बीच स्थित हैं। तो इस ब्लॉक के तत्वों की विशेषताएँ s और p-ब्लॉक तत्वों के मध्य आती है।
(c) ये परिवर्तनशील ऑक्सीकरण अवस्था दिखाते हैं, जैसे – Mn = $Mn^{+2}$, $Mn^{+3}$, $Mn^{+4}$, $Mn^{+5}$, $Mn^{+6}$, $Mn^{+7}$
(d) ये आयनिक और सहसंयोजक बंध दोनों बनाते हैं।
(e) ये ऊष्मा और विद्युत के सुचालक होते हैं और संकुल यौगिक बनाते हैं।
(f) धातु, जिसमें अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होते हैं, अनुचुम्बकत्व प्रदर्शित करते हैं।
(g) ये मिश्र धातु बनाते हैं और अधिकांश तत्व उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं।

**(iv) f-ब्लॉक तत्व –**

(a) अन्तिम $e^-$ (n – 2)f उपकोश में प्रवेश करता है।
(b) वर्ग – IIIB
(c) आवर्त – $6^{th}$ और $7^{th}$
(d) परमाणु क्रमांक 58 से 71, $6^{th}$ आवर्त लैंथेनॉयड श्रृंखला $4f^{0-14}\ 5d^{0\ or\ 1\ or\ 2}\ 6s^2$
90 - 103 $7^{th}$ आवर्त या एक्टिनॉयड श्रृंखला $5f^{1-14}\ 6d^{0\ or\ 1}\ 7s^2$
(e) f-ब्लॉक तत्वों की कुल संख्या – (28)
(f) सभी एक्टिनॉयड रेडियोधर्मी तत्व हैं।
(g) ट्रांसयूरानिक एक्टिनॉयड मानव निर्मित तत्व हैं ($Np_{93}$ – $Lw_{103}$)
(h) लैंथेनॉयड पृथ्वी पर बहुत कम पाए जाते हैं इसलिए इन्हें दुर्लभ मृदा धातु कहा जाता है।

**f-ब्लॉक तत्वों की सामान्य विशेषताएँ–**

(a) सभी f–ब्लॉक तत्व भारी धातु हैं।
(b) यह उच्च गलनांक और क्वथनांक दर्शाते है।
(c) इन तत्वों की सबसे सामान्य ऑक्सीकरण अवस्था +3 है।
(d) 5f श्रेणी के तत्व प्रकृति में रेडियोधर्मी होते हैं।

**किसी तत्व के आवर्त, खंड और वर्ग का निर्धारण –**

**(i) आवर्त संख्या –** मुख्य क्वांटम संख्या (n) से तत्व की आवर्त संख्या का अनुमान लगाया जा सकता है।
जैसे आयोडीन का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है :
$1s^22s^22p^6$, $3s^23p^63d^{10}$, $4s^24p^64d^{10}$, $5s^25p^5$ है इसलिए आयोडीन की आवर्त संख्या 5 है क्योंकि संयोजकता कोश विन्यास $5s^25p^5$ है।

**(ii) ब्लॉक नाम –** कोश का वह प्रकार जो अंतिम इलेक्ट्रॉन प्राप्त करता है जिसे ब्लॉक नाम के रूप में जाना जाता है।
जैसे एक तत्व 'X' का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^22s^22p^63s^23p^64s^23d^8$ है. चूंकि अंतिम इलेक्ट्रॉन d - कक्षक में प्रवेश करता है, इसलिए यह d-ब्लॉक तत्व है।

**(iii) वर्ग संख्या –** इसका अनुमान संयोजकता कोश और संयोजकता कोश से पूर्व कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या से निम्नानुसार लगाया जा सकता है।

(a) s-ब्लॉक तत्वों के लिए, वर्ग संख्या आदर्श गैस कोश के बाद संयोजकता कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बराबर होती है।

जैसे–एक तत्व 'Y' जिसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास 'y', $1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6 4s^2$ या [Ar] $4s^2$ के संयोजकता कोश में दो इलेक्ट्रॉन होते हैं और यह एक s-ब्लॉक तत्व है। इसलिए यह वर्ग 2 के अंतर्गत आता है।

(b) p-ब्लॉक तत्व के लिए, वर्ग संख्या संयोजकता कोश मे 10 + इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बराबर होती है।
जैसे –एक तत्व 'Z' जिसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6 3p^{10} 4s^2 4p^3$ है, के संयोजकता कोश में पांच इलेक्ट्रॉन हैं और यह p-ब्लॉक से संबंधित है।
इसलिए इसकी वर्ग संख्या 10 + 5 = 15 है। यह मेंडलीफ की आवर्त सारणी के वर्ग VA से संबंधित है।

(c) d-ब्लॉक तत्वों के लिए वर्ग संख्या (n – 1)d उप–कोश और संयोजकता कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या के समान होती है।
जैसे – एक तत्व 'A' जिसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास
$1s^2 2s^2 2p^6 3s^2 3p^6 3p^{10} 4s^1$ है अतः इसका वर्ग क्रमांक 10 + 1 = 11 होगा।

**किसी वर्ग या परिवार में क्रमागत सदस्य के परमाणु संख्या का अनुमान –**

**(i) मैजिक नंबर (जादुई संख्या)–**

किसी वर्ग के पहले सदस्य की संख्या जानने के बाद, हम दिए गए जादुई संख्या को जोड़कर बाद के तत्वों की संख्या पर लिख सकते हैं।

| आवर्त ↓ / वर्ग | 1 IA | 2 IIA | 3 IIIB | 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12 | 13, 14, 15, 16, 17 IIIA IV V VI VII | 18 '0'gp |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I+ | 2 | – | ↓ | ↓ | ↓ | 8 |
| II+ | 8 | 8 | | | 8 | 8 |
| III+ | 8 | 8 | | | 18 | 18 |
| IV+ | 18 | 18 | 18 | 18 | 18 | 18 |
| V+ | 18 | 18 | 18 | 32 | 32 | 32 |
| VI+ | 32 | 32 | 32 | 32 | – | – |
| VII | | | | | | |

**(ii)** वर्ग IA में H की परमाणु संख्या 1 है, अन्य तत्वों की संख्या होगी।

मैजिक नम्बर $\underbrace{H_1\ 1+2=3\ Li}_{2}\ \underbrace{3+8=11\ Na}_{8}\ \underbrace{11+8=19\ K}_{8}\ \underbrace{19+18=37\ Rb}_{18}\ \underbrace{37+18=55}_{18}$

**आवर्तिता (Periodicity) :**

**(i)** किसी वर्ग में ऊपर से नीचे की ओर और एक आवर्त में बाएँ से दाएँ गुणों के नियमित क्रम को गुणों में आवर्तिता कहते हैं।
(a) एक आवर्त में, अंतिम कक्षा समान रहती है, लेकिन $e^-$ की संख्या धीरे–धीरे बढ़ती है।
(b) वर्ग में अंतिम कक्षा में $e^-$ की संख्या समान रहती है, लेकिन n का मान बढ़ जाता है।

**(ii) आवर्तिता के कारण –**
(a) गुणों में आवर्तिता का कारण समान बाह्यतम कोश के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास के नियमित अंतराल पर आने के कारण है।
(b) आवर्त सारणी में समान गुण वाले तत्व 2, 8, 8, 18, 18 और 32 के अन्तराल पर आते है न संख्याओं को मैजिक नम्बर कहते है।

**आवर्तिता गुण (PERIODIC PROPERTIES):**

**संयोजकता (VALENCY) :**

इसे तत्वों की संयोजन क्षमता के रूप में परिभाषित किया गया है। संयोजकता (वैलेंसी) शब्द एक इतालवी (Italian) शब्द "Valentia" से लिया गया है, जो संयोजन क्षमता है।

**पुरा. प्राचीन अवधारणा ग्रेंकलैंड द्वारा दी गई :**

**हाइड्रोजन और क्लोरीन के संबंध में संयोजकता :** H की संयोजकता = 1

इसे किसी विशेष तत्व से जुड़े हाइड्रोजन या क्लोरीन परमाणुओं की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है।

| | IA | IIA | IIIA | IVA | VA | VIA | VIIA |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | NaH | $MgH_2$ | $AlH_3$ | $SiH_4$ | $PH_3$ | $H_2S$ | H-Cl |
| | NaCl | $MgCl_2$ | $AlCl_3$ | $SiCl_4$ | $PCl_3$ | $SCl_2$ | Cl-Cl |
| **संयोजकता** | 1 | 2 | 3 | 4 | 3 | 2 | 1 |

**Note:** पूरे आवर्त में संयोजकता 4 तक बढ़ जाती है और फिर 1 तक घट जाती है

**ऑक्सीजन के संबंध में संयोजकता :** 'O' की संयोजकता = 2

इसे एक विशेष परमाणु से जुड़े ऑक्सीजन परमाणुओं की संख्या के दोगुने के रूप में परिभाषित किया गया है।

| IA | IIA | IIIA | IVA | VA | VIA | VIIA |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $Na_2O$ | MgO | $Al_2O_3$ | $SiO_2$ | $P_2O_5$ | $SO_3$ | $Cl_2O_7$ |

**संयोजकता** 1 2 3 4 5 6 7

**Note:** पूरे आवर्त में ऑक्सीजन के संबंध में संयोजकता 1 से 7 तक बढ़ जाती है। संयोजकता 'O' के सन्दर्भ में वर्ग संख्या के बराबर है।

**नई अवधारणा :** यह अवधारणा इलेक्ट्रॉनिक विन्यास पर आधारित है। इस अवधारणा के अनुसार IA से IVA वर्ग के तत्वों के लिए संयोजकता, संयोजकता कोश में $e^-$ की संख्या के बराबर होती है और VA से शून्य वर्ग में, यह [8– (संयोजक कोश की संख्या)$e^-$)]. होती है।

**संयोजकता = संयोजकता $e^-$ की संख्या** (IA से IVA)

**संयोजकता = 8 संयोजकता $e^-$ की संख्या** (VA से 0)

| | IA | IIA | IIIA | IVA | VA | VIA | VII | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | $ns^1$ | $ns^2$ | $ns^2np^1$ | $ns^2np^2$ | $ns^2np^3$ | $ns^2np^4$ | $ns^2np^5$ | $ns^2np^2$ |
| **संयोजकता कोश** | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| **$e^-$** | 1 | 2 | 3 | 4 | 3 | 2 | 1 | 0 |

(8 – 5) = 3 (8 – 8) = 0

**Note:** एक वर्ग के सभी तत्वों की संयोजकताएँ समान होती हैं क्योंकि उनमें संयोजकता कोश के इलेक्ट्रॉनों की संख्या समान होती है।

**घनत्व :**

(a) एक वर्ग में परमाणु का आयतन परमाणु भार के साथ बढ़ता है लेकिन परमाणु भार परमाणु आयतन से अधिक बढ़ता है, इसलिए वर्ग में घनत्व बढ़ता है।

घनत्व (D) = $\frac{\text{द्रव्यमान}}{\text{आयतन}} = \frac{M}{V}$

(b) आवर्त में –घनत्व पहले अधिकतम तक बढ़ता है और फिर घटता है। (s-ब्लॉक से d-ब्लॉक बढ़ता है, d-ब्लॉक से p-ब्लॉक घटता है)

(c) वर्ग में – वर्ग में ऊपर से नीचे तक घनत्व नियमित रूप से बढ़ता है
जैसे VIIA वर्ग में - F और Cl गैसें हैं (कम घनत्व)
Br द्रव है (घनत्व 3.19 gm/$cm^{-3}$)
I ठोस है (घनत्व 4.94 gm/$cm^{-3}$)

(d) s-ब्लॉक से p-ब्लॉक तक पैकिंग क्षमता और बंध सामर्थ्य बढ़ता है।

(e) अपवाद - Na और Mg का घनत्व क्रमशः K और Ca से अधिक होता है। इसे आंतरिक कोश विन्यास द्वारा समझाया जा सकता है:

| IA | IIA | | |
|---|---|---|---|
| Li | Be | | |
| Na | Mg | Na | $1s^22s^22p^63s^1$ |
| K | Ca | K | $1s^22s^22p^63s^23p^63d^04s^1$ |

K में 3d कक्षक रिक्त है, तीसरी कक्षा में $18e^-$ धारण करने की क्षमता है, लेकिन इसमें केवल $8e^-$ है। रिक्त कक्षक से परमाणु आयतन बढ़ने के कारण घनत्व कम हो जाता है।
Mg > Ca > Na > K

(f) Li ज्ञात सबसे हल्की धातु है।

(g) ठोस धातु घनत्व (Ir 922.63 gm/cc) और Os (22.6 gm/cc) और द्रव धातु Hg(13.6 gm/cc) का उच्चतम होता है।

(h) तत्वों के घनत्व का क्रम :
Li < K < Na < Rb < Cs {In, K और Ca घनत्व आंतरिक कोश में रिक्त d-कक्षकों के कारण कम होता है}
Ca < Mg < Be < Sr
Sc < Y < La
Ti < Zr << Hf
Zn < Cd < Hg

**क्वथनांक और गलनांक (BOILING POINTS AND MELTING POINTS):**

(a) यह परमाणुओं के समुच्चय का गुण है न कि एक परमाणु का अर्थात् यह एक आणविक गुण है।

